तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 3 अप्रैल 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 अब 11.30 बजे के बाद नहीं लगेंगे कोई भी स्कूल, शासन का निर्देश



## खबर संक्षेप

### एग्जिट पोल के आयोजन प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में 9 उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से 1 जून की शाम 6.30 बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचनअंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### चेट्रीचंड महोत्सव का आयोजन 10 को

कोरबा। पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के तत्वावधान में चेट्रीचंड पर्व का आयोजन 10 अप्रैल को किया जा रहा है। 5 अप्रैल को प्रथम सामूहिक चहराणा साहेब की पूजा अर्चना सिंधु भवन में शाम 4 बजे की जाएगी। शाम 5 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो कि सिंधु भवन से आरंभ होकर पुरानी बस्ती केएन कॉलेज के पीछे ठाकुर घाट में ज्योत का विसर्जन किया जाएगा। 6 से 8 अप्रैल तक महिलाओं एवं बच्चो के विभिन्न कार्यक्रम सिंधु भवन में किए जाएंगे। 9 अप्रैल को सुबह 8 बजे मोटर साईकल रैली सिंधु भवन से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर संत कंवर राम उद्यान मेन रोड कोरबा में समाप्त होगी। 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे से पूज्य बहराणे साहेब की पूजा आरती श्री झूलेलाल मंदिर रानी रोड में की जावेगी एवं सुबह 10 बजे बजे से से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। पूज्य सिंधी पंचायत, कोरबा के सचिव नरेश कुमार जगवानी ने बताया कि दोपहर 1 बजे आम भण्डारा सिंधु भवन में एवं शाम 5 बजे से पूज्य बहराणे साहेब के अगवाई में भव्य शोभा यात्रा श्री झूलेलाल मंदिर रानी रोड से आरंभ होकर रानी रोड़, मेन रोड पुराना बस स्टैण्ड से पावर हाउस रोड होते हुए डीडीएम रोड गोदड़ीधाम में समाप्त होगी।

### स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचने जारी किया एडवाइजरी

**कोरबा।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है इसे लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है।

# प्रोजेक्ट डिजीकोल से एसईसीएल की तीन परियोजनाओं में हो रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया के प्रोजेक्ट डिजीकोल के तहत एसईसीएल में खदानों को डिजिटल बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। एसईसीएल ने अपने मेगाप्रोजेक्ट्स, गेवरा, दीपका और कुसमुंडा में कई डिजिटल समाधानों को लागू किया है। इसके अलावा एसओएस उपकरण से आपातकाल में मदद भी ली जा रही है।

अलग खबर

प्रोजेक्ट डिजीकोल के तहत एसईसीएल के कोयला खदानों में श्रमिक सुरक्षा, खदान सर्वेक्षण, सीखने और प्रबंधन आदि को बढ़ावा के उद्देश्य से कई समाधानों को उपयोग में लिया जा रहा है जिनमें सुरक्षा कवच नामक एक एसओएस उपकरण खदानों में श्रमिकों को आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए कॉल करने में तत्काल सहायता करता है। ड्रोन की मदद से जोखिमयुक्त क्षेत्रों में जाए बिना खदानों का सर्वेक्षण और खदान स्थलाकृति का विश्लेषण किया जा रहा है। नवीनतम उद्योग से जुड़े ट्रेंड्स पर मॉड्यूल के साथ सभी के लिए प्रौद्योगिकी समर्थित शिक्षण पोर्टल। भूमि अधिग्रहण प्रबंधन प्रणाली (एलएएमएस), एंड-टू-एंड वर्कफ़्लो प्रबंधन, भूमि रिकॉर्ड, प्रक्रिया मानचित्रों के डिजिटल सत्यापन और आर एंड आर और मुआवजा योजनाओं के निर्माण के लिए एक डिजिटल समाधान। एसईसीएल के गेवरा, कुसमुंडा, एवं दीपका में ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं एनालिटिक्स जैसे डिजिटल समाधानों के माध्यम से खनिकों की सुरक्षा, भूमि अधिग्रहण, ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग, सर्वे आदि प्रक्रियाओं को और बेहतर एवं सटीक बनाने में मदद मिल रही है।

## खनन कार्यों को भविष्य के लिए तैयार करने में मिलेगी मदद

**खास बातें**

- गेवरा दीपका कुसमुंडा में लागू किया गया डिजीटल समाधान
- खदानों में श्रमिकों को मिलेगी मदद



### एसईसीएल व एनसीएल की 7 खदाने शामिल

सीआईएल मुख्यालय में परियोजनाओं की निगरानी और सहायता के लिए प्रोजेक्ट डिजीकोल और डिजिटल वार-रूम का शुभारंभ किया। यह परियोजना उन्नत डिजिटल समाधानों का उपयोग करके सीआईएल के खनन कार्यों को भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगी। लॉन्च के साथ, परियोजना सीआईएल की 7 कोयला खदानों में लाइव हो गई, जिसमें एसईसीएल में गेवरा, दीपका और कुसमुंडा खदानें और एनसीएल में निगाही, जयंत, दुधीचुआ और खड़िया खदानें शामिल हैं। सीआईएल ने एसेंचर को डिजाइन और कार्यान्वित करने के लिए सलाहकार के रूप में अनुबंधित किया है।

## शहर के दो मूल्यांकन केन्द्र में चल रहा बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन कार्य

# डेढ़ सौ शिक्षक गए चुनाव प्रशिक्षण में, चार हजार कॉपियों का मूल्यांकन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बोर्ड परीक्षा कॉपियों का मूल्यांकन कार्य चुनाव प्रशिक्षण कार्य से प्रभावित होने लगा है। तीन दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले दिन 150 शिक्षक चुनाव ड्यूटी प्रशिक्षण में जाने से लगभग 4 हजार कॉपियों का मूल्यांकन कार्य प्रभावित हुआ है। 3 और 4 अप्रैल को भी शिक्षकों के चुनाव प्रशिक्षण ड्यूटी में जाने से मूल्यांकन कार्य प्रभावित हुआ।

**खास बात**

- एक सप्ताह में 62 हजार 225 कापियों का हुआ मूल्यांकन



कॉपियों का मूल्यांकन करते शिक्षक।

बोर्ड परीक्षाओं के कॉपियों के मूल्यांकन हेतु शहर में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और एनसीडीसी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल है। दोनों ही परीक्षा केन्द्रों में कॉपियों के मूल्यांकन हेतु अन्य जिले से कॉपियां भेजी गई है। वहीं मूल्यांकन के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की ड्यूटी भी लगाई गई है। जिनमें शासकीय के साथ अशासकीय स्कूल के शिक्षक भी शामिल हैं। 23 मार्च से मूल्यांकन का कार्य दोनों मूल्यांकन केन्द्रों में शुरू हुआ है। दो दिन होली का अवकाश होने के कारण कॉपियों का मूल्यांकन कार्य नहीं हो पाया था। 26 मार्च से कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पुनः प्रारंभ हुआ और आज तक 62 हजार 225 कॉपियों का मूल्यांकन दोनों मूल्यांकन केन्द्र में किया जा चुका है। लोकसभा चुनाव के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 अप्रैल से शुरू किया गया है, जो चार अप्रैल तक चलेगा। तीन दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को भी जाना पड़ा है। जिसकी वजह से तीन दिन तक बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन प्रभावित होगा। पहले दिन 150 शिक्षक चुनाव ड्यूटी प्रशिक्षण कार्यक्रम में चले गए हैं। जिससे लगभग 400 कॉपियों का मूल्यांकन पहले ही दिन प्रभावित हुआ। तीन दिन तक कॉपियों का मूल्यांकन कार्य प्रभावित होगा। एक अनुमान के अनुसार लगभग 900 कॉपियों का मूल्यांकन कार्य तीन दिन के दौरान प्रभावित होने की संभावना है।

### प्रतिदिन भेजनी होती है बोर्ड को जानकारी

बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन की जानकारी मूल्यांकन केन्द्रों द्वारा प्रतिदिन ईमेल के माध्यम से बोर्ड कार्यालय को भेजना होता है। 23 मार्च से सभी कॉपियों के मूल्यांकन की जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल कार्यालय को भेजी जा रही है। बोर्ड के निर्देश पर मूल्यांकन के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिस साडा कन्या उच्चर माध्यमिक विद्यालय में 275 वहीं एनसीडीसी मूल्यांकन केन्द्र में 300 मूल्यांकनकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है। प्रशिक्षण कार्य में शिक्षकों के जाने से दोनों मूल्यांकन केन्द्रों में कॉपियों का मूल्यांकन कार्य प्रभावित हुआ है।

### जांची गई कॉपियां

| | |
|---|---|
| हाई स्कूल | 34585 |
| हायर सेकेंड्री | 27640 |
| कुल मूल्यांकित कॉपियां | 62225 |
| मूल्यांकन का प्रतिशत | 49.70 |

**नोटः** 2 अप्रैल को लगभग 150 मूल्यांकन कर्ता कम आए। लगभग 4000 कॉपियों का मूल्यांकन प्रभावित

### मूल्यांकन हेतु प्राप्त उत्तर पुस्तिका

| | |
|---|---|
| हाई स्कूल | 75090 |
| हायर सेकेंडरी | 50100 |
| कुल उत्तर पुस्तिका | 125190 |

### मूल्यांकन प्रभावित

चुनाव प्रशिक्षण ड्यूटी में शिक्षकों के जाने से मूल्यांकन कार्य दो अप्रैल को प्रभावित हुआ है। 150 शिक्षक मूल्यांकन कार्य में गए हैं। 125 शिक्षकों के द्वारा आज मूल्यांकन कार्य किया गया है।

रणधीर सिंह, मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी

# तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले चालकों पर गिरी गाज, लाइसेंस होगा निरस्त



वाहन चेकिंग करते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगरी होने की वजह से जिले के सड़कों पर भारी वाहन दौड़ते हैं और लोग लगातार हादसे का शिकार हो रहे हैं। खासतौर पर ओवर स्पीड की वजह से सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। इन हादसों पर शिकंजा कसा जा सके इसके लिए जिला पुलिस ने दो दिनों में 41 वाहन चालकों पर कार्यवाही की है। जिनसे जुर्माने के रुप में 47 हजार रुपए समन शुक्ल वसूला गया है तो वहीं दूसरी ओर लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।

**खास बात**

- ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले 41 चालकों से 47 हजार वसूला जुर्माना

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर जिले के सभी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही किया गया है। पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर ओवर स्पीड ⏭ शेष पेज 3 पर

# चोरी कर बस्ती में ही में बेच रहे थे कपड़ा दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले दिनों बुधवारी में संचालित एक कपड़ा दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने कपड़ा सहित अन्य समानों की चोरी कर ली थी और चोरी करने के बाद शातिर बदमाश कपड़ों को सस्ते दरों पर बस्ते में ही बेचने लगे थे। जैसे ही पुलिस को इसकी सूचना मिली। पुलिस ने चोरी के मामले में दो नाबालिग सहित तीन आरोपियों को धरदबोचा और आरोपियों के कब्जे से चोरी गए कपड़ों को बरामद कर लिया है।



आरोपी युवक।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत नेहरु नगर एमआईजी 40 निवासी मो. शमशीर खान ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि नेहरूनगर मेला ग्राउंड के पास मेनरोड में कोलकत्ता सेल नाम का ठेला का संचालन करता है। शमशीर खान प्रतिदिन ठेला को सुबह 8 बजे से रात 9 तक खोलता है। रात में घर जाने के समय ठेला का सामान को ठेला में ही रखकर ताला लगाकर चला गया था। 21 मार्च की रात लगभग 9 बजे के आसपास ठेला को बंद कर उसमें कपड़ा वगैरह (जिंस, शर्ट, टी-शर्ट) को रख कर अपने किराये के मकान में चला गया था। 22 मार्च की सुबह 8 बजे के आसपास आया तब देखा की उसके ठेला का छत की किनारे ओर उखड़ा हुआ था तब शमशीर खान ने ठेला को खोल कर देखा तो ठेला के अंदर में रखे कपड़ा व अन्य सामान नहीं था। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गये थे। मामले की शिकायत पर मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेम साहू ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन की जा रही थी। इस बीच चौकी प्रभारी श्री साहू को मुखबीर से ⏭ शेष पेज 3 पर

# जंगल में हाथी, महुआ फूल संग्रहण करने वालों पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा और कोरबा का जंगल हाथियों को बेहतर रास आता है। इस वजह से हाथी लगातार क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के विचरण होने की वजह से इन दिनों महुआ फूल संग्रहण करने वाले लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। वहीं वन विभाग की टीम लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार मुनादी कर लोगों को सजग व सावधान कर रही है। इस साल मौसम और हाथी की वजह से महुआ फूल का संग्रहण काफी कम होने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बात**

- वन विभाग की टीम हाथी प्रभावित क्षेत्रों में न जाने ग्रामीणों से कर रही अपील



### फूड ग्रेड का एक हजार क्विंटल किया जाना है संग्रहण

इस वर्ष 2024 के लिए कोरबा वन मंडल में फूड ग्रेड का एक हजार क्विंटल तो सूखा 18 सौ क्विंटल महुआ फूल का संग्रहण किया जाना है। जंगल में इन दिनों महुआ फूल का संग्रहण का दौर शुरु हो चुका है। कोरबा मंडल के जंगल में बड़े पैमाने पर महुआ की पैदावार होती है। वन विभाग ग्रामीणों के माध्यम से इनका संग्रहण करता है। वन विभाग ग्रामीणों से इसके लिए महुआ की खरीदी करता है लेकिन दूसरी ओर फूड ग्रेड का महुआ भी संग्रहण कराया जाता है। वन विभाग द्वारा लेमरू व बाड़मेर ग्राम पंचायत को ही चिन्हित किया गया है जहां बहुत ही बेहतर क्वालिटी का फूड ग्रेड के महुआ की पैदावार होती है। इन दोनों ग्राम पंचायत में वन विभाग द्वारा बीते वर्ष लगभग 3 सौ क्विंटल फूड ग्रेड का महुआ संग्रहण किया गया था। फूड ग्रेड के महुआ से खाद्य पदार्थ तैयार किए जाते हैं जैसे लड्डू व अन्य खाद्य पदार्थ तैयार किए जाते हैं इस वर्ष लेकिन इस लक्ष्य को पूरा करना मुश्किल ही नजर आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा व कोरबा वन मंडल में अलग-अलग झुंड में हाथी विचरण कर रहा है। जहां एक झुंड अपना नवापारा के आसपास पिछले कई दिनों से डेरा डाले हैं। वहीं ⏭ शेष पेज 3 पर

### आग लगने का दौर हो चुका है शुरू

महुआ फूल संग्रहण का दौर शुरू होते ही जंगल में आग लगने की घटना का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। कटघोरा वन मंडल में कई इलाकों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। हालांकि जंगल में लगे आगजनी को रोकने की दिशा में वन विभाग की टीम जगह-जगह फायरवॉटरों की टीम के तैनात किया गया है और जहां आग लगी है वहां बुझाने और रोकने का प्रयास भी किया जा रहा है। जैसे-जैसे गर्मी तेज होती जा रही है जंगल में आग विकराल रूप लेते जा रही है। जिससे वन विभाग की लगातार मुश्किले बढ़ती जा रही है। जंगल में आग लगने से बड़े पैमाने पर वन्य प्राणियों के साथ जड़ी बूटी का भी नुकसान हो रहा है।

## प्रशिक्षण ले रही महिला मतदान दल का कलेक्टर ने बढ़ाया मनोबल

# प्रशिक्षण में जितने अच्छे से सीखेंगे, चुनाव कराना उतना ही होगा आसानः अजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने मंगलवार से प्रारंभ हुए मतदान दलों के प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन कार्य की गंभीरता और जिम्मेदारी से अवगत कराया। उन्होंने विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला अधिकारियों से कहा कि मास्टर ट्रेनर द्वारा दी जा रही जानकारियों को अच्छे से समझें और ईवीएम से मतदान कराने के अलावा आवश्यक प्रपत्रों को सही-सही भरने के विषय में जानकारी हासिल करें। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की शंका हो, तो मास्टर ट्रेनर से बार-बार पूछें।



मतदान प्रशिक्षण में कर्मचारियों को जानकारी देते कलेक्टर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने मंगलवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान दलों के अधिकारियों को कोरबा जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कोरबा एवं कटघोरा विधानसभा में आयोजित प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया और मतदान दलों के अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य को बहुत सरल और बहुत कठिन नहीं समझना चाहिए। निर्वाचन का कार्य चरणबद्ध तरीकों पर आधारित वह प्रक्रिया है, जो कि प्रशिक्षण पर टिका है। मास्टर ट्रेनर जितने अच्छे से प्रशिक्षण देंगे और मतदान दल के अधिकारी जितने गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उनके लिए निर्वाचन कराना उतना ही आसान हो जाएगा। कलेक्टर ने महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कोरबा विधानसभा में निर्वाचन कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी ⏭ शेष पेज 3 पर

### पहली ट्रेनिंग है यह मानकर ट्रेनिंग लें

कलेक्टर अजीत वसंत ने कटघोरा के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान दलों के अधिकारियों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में गलती की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। निर्वाचन का कार्य गंभीरता एवं पारदर्शिता से जुड़ा होता है। कुछ लोग पहले भी निर्वाचन कार्य में जिम्मेदारी सम्हाल चुके हैं। ऐसे लोग प्रशिक्षण के दौरान यह मानकर चलें कि यह ट्रेनिंग उनकी पहली ट्रेनिंग है। उन्होंने किसी को भी अति आत्मविश्वास में रहकर निर्वाचन कार्य नहीं करने की बात कही,ताकि गलतियां न हो। कलेक्टर ने मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को यह भी बताया कि इस बार कटघोरा तथा पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों को सामग्री का वितरण शासकीय महाविद्यालय कटघोरा से किया जाएगा। कलेक्टर ने संगवारी मतदान केंद्र के विषय में भी जानकारी दी।

### विद्युत ठेका श्रमिक संघ ने रखी समस्या

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सरोज पांडे लोक सभा उम्मीदवार कोरबा से विद्युत ठेका श्रमिक संघ के प्रदेश पदाधिकारी महामंत्री दर्शन कुमार रजक, सचिव राकेश वर्मा, डिस्ट्रीब्यूशन जिला अध्यक्ष ललित बरेठ और अन्य ने मुलाकात की। 65 साल की जॉब सिक्योरिटी और विभाग वेतन पर चर्चा हुई। जिसमें बताया गया कि कमेटी बना दी गई है, पूर्ण रूप से आश्वासन दिया गया है कि 65 साल की जॉब सिक्योरिटी और विभागीय समायोजन निश्चित है। साथ ही साथ अनियमित कर्मचारियों के लिए जो कमेटी बनाई गई है उसमें ऊर्जा विभाग के भी एक सदस्य को कमेटी में रखने आश्वासन दिया है। प्रदेश स्तरीय के कार्यक्रम पर चर्चा हुई।


P.C.
सर का OFFER
FLAT 70% OFF
Lee
Wrangler
KILLER
LAWMAN
integriti
Raymond Apparel
Arvind Life Style
All Brand Ladies Kurties Too
2 पे 2 फ्री
I CLEVER, GRAMMER,TULIP YANKEE, NOSTRUM, WE PLAY MUSIC & MANY BRANDS
50 कि.मी.दूर से आने वाले ग्राहक को निःशुल्क भोजन
Rare & Dynamic Personality never seen before
P.C. the BAAP- कब समझोगे आप?
Deepak Advertisers
FLAT 50% OFF
JOCKEY
Lyra WOMEN'S WEAR
Cosmetic Items too
ROOKIES DENIM DIVISION 999/.
Crocodile 699/.
ONLY ORIGINAL & LATEST STOCKS
दुकानदार भी बेचने के लिए सम्पर्क करें! 97543 43697 (Whatsapp)
P.C. LOOTMART
SHUBHAM FAMILY STORE
98261 67896, 98274 75444, 91314 85451, 97521 18317, 83190 18733, 82502 23314
दिनेश वस्त्र के बगल, जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

## खबर संक्षेप



### कटघोरा विधायक ने अधिवक्ताओं से की मुलाकात

**कटघोरा।** कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने मंगलवार को व्यवहार न्यायालय कटघोरा में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क किया। विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि विधानसभा की तरह लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की प्रचंड जीत होगी। भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे को प्रचंड मतों से विजयी बनाने अधिवक्ताओं से अपील किया। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे के समर्थन में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का प्रचार मंगलवार को कटघोरा में जारी रहा। साथ में कटघोरा मंडल अध्यक्ष धनु दुबे, संजय शर्मा, विनोद यादव, संजीत, सतीश जायसवाल, मन्नू राठौर, उत्तम रंधावा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने दादी जानकी की मनाई चौथी पुण्यतिथि

**कोरबा।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विधालय के स्थानीय सेवा केंद्र के विश्व सदभावना भवन मे संस्था कि पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी की चौथी पूण्य तिथि वैश्विक अध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने उनको याद करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर दादी ने समाज को सही दिशा प्रदान की। उन्होंने उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कहीं। डॉ. हेमन्त सचदेवा कार्यकारी निदेशक ने संस्था के बारे में बताया कि वर्ष 1936 से प्रारंभ हुई संस्था आज 144 देश और भारत में 8 हजार सेवा केंद्रों के माध्यम से आध्यात्मिक व सामाजिक कल्याण का कार्य कर रहा है।

### नाली निर्माण से सफाई का काम बंद



**कोरबा।** सीएसईबी चौक से टीपी नगर चौक के बीच व्यवसायिक परिसर में चल रहे नाली के नव निर्माण सफाई का काम भी बंद पड़ा है। पानी जाम होन से उठने वाली बदबू से व्यवसायी परेशान हो रहे हैं। निगम का सफाई अमला नालियों की सफाई नहीं कर पा रहा है और ना ही दवाईयों का छिड़काव हो रहा है। नाली निर्माण का कार्य नगर निगम के विभिन्न वार्डों में चल रहा है। इसी कड़ी में चौड़ी नाली का निर्माण कार्य वर्तमान में सीएसईबी चौक के व्यवसायिय परिसर के समीप गायत्री मंदिन के आगे तक किया जा चुका है। इस दौरान निर्माण कार्य होने के कारण नालियों की नियमित होने वाली सफाई भी बंद होने से उससे उठने वाली बदबू से व्यवसायी और वहां आने वाले ग्राहक भी परेशानी झेल रहे हैं। हालांकि निर्माण कार्य के दौरान पानी के प्रभाव को रोका गया है, ताकि आगे का निर्माण कार्य बाधित न हो। पानी का प्रवाह रोकने से नालियों में जमे पानी से बदबू उठने लगी है। निगम का सफाई अमला जो सड़क के किनारे मलबे की सफाई झाडू लगाने तक ही सीमित है। नालियों की होने वाली सफाई भी बंद पड़ी है। परिणाम स्वरूप नालियों से गंदगी भी नहीं निकल पा रही है, जिससे लगातार बदबू उठ रही है।

घायल होने पर 10 हजार रूपए और मृत्यु पर 1 लाख रूपए जनधन सुरक्षा बीमा

# काम के दौरान घायल होने पर मनरेगा मजदूर को मिलेगी बीमा की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्य करने वाले जॉब कार्डधारी मजदूरों को राज्य शासन की ओर से कार्य के दौरान घायल होने की स्थिति में राहत राशि और केन्द्र सरकार के द्वारा जनधन सुरक्षा बीमा राशि का प्रावधान दिया गया है। जिले में उक्त योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिला है।

मनरेगा के कार्यों पर लगे मजदूर अगर कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल होते हैं जिससे उन्हें विकलांगता आ जाती है ऐसी स्थिति में उन्हें 10 हजार रूपये की तत्कालीक आर्थिक सहायता राज्य शासन द्वारा जारी मनरेगा मद से जारी की जाती है। अगर कार्य के दौरान हादसे में किसी मजदुर की मौत हो जाती है तो उसे केन्द्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री जनधन सुरक्षा योजना के अंतर्गत 1 लाख रूपये की राशि देने का प्रावधान दिया गया है। वहीं ई श्रम कार्ड योजना से भी जॉबकार्डधारी मजदूरों के परिजनों को एक लाख रूपये दिया जाएगा। जिले में 1 लाख 22 हजार जॉब कार्डधारी मजदूर पंजीकृत हैं, जो पांच विकासखंड कोरबा, करतला, कटघोरा, पाली और पोड़ीउपरोड़ा के अंतर्गत चलने वाले रोजगार मूलक कार्यों में संलग्न है। मनरेगा के तहत काम करने के दौरान अब तक किसी भी जॉब कार्डधारी मजदूर के मौत का मामला सामने नहीं आया है। घायल होने की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा जारी की गई सहायता राशि जरूर दी गई है।

#### शहर से लगे ग्रामों में संख्या कम

मजदूरों की अगर संख्या के आंकड़ों पर गौर करें तो कटघोरा ब्लॉक के अंतर्गत चलने वाले रोजगार मूलक कार्यों में जॉबकार्डधारी मजदूरों की संख्या अन्य विकासखंड की तुलना में कम है। इसका कारण कटघोरा ब्लॉक अंतर्गत एसईसीएल और एनटीपीसी जैसे औद्योगिक इकाईयां है, जहां ठेका श्रमिक के रूप में आसपास के ग्रामीण नियोजित हैं। इसके अलावा दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में पहुंच मार्ग के निर्माण से भी श्रमिक दोपहिया वाहनों से सीधे शहर पहुंच जा रहे हैं और सिविल कार्यों में नियोजित होने के कारण उन्हें मजूदरी का भुगतान सप्ताह-सप्ताह में होने से सुविधा मिलती है।

#### बीमा राशि का प्रावधान

मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को बीमा राशि का प्रावधान दिया गया है, जिसके लिए राज्य शासन की ओर से घायल होने पर 10 हजार रूपये एवं केन्द्र सरकार की ओर से मृत्यु होने पर 1 लाख रूपये दिया जाता है। घायल मजदूरों को राशि प्रदान की गई है।

-**संदीप डिक्सेना**, एपीओ, मनरेगा

## लायन मीना बनी रीजन डेजी में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रमाण पत्र लेती लायन मीना सिंह।

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233सी के रीजन चेयरपर्सन लायन पवन शर्मा रीजन डेजी का रीजन कान्फ्रेंस 31 मार्च को होटल ब्लू डायमंड में संपन्न हुआ। गेस्ट आफ आनर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहे। कान्फ्रेंस में रीजन के अंतर्गत आने वाले सभी क्लबों के साथ लायंस क्लब कोरबा के सदस्य भी उपस्थित रहे। जिसमें मीना सिंह को रीजन डेजी का सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष चुना गया।

लायंस क्लब आफ कोरबा को विभिन्न अवार्ड प्रदान किए गए जिनमें गोल्डन प्रेस्टिज अवार्ड, सर्टिफिकेट आफ एप्रीसिएशन, हुमैनिटेरियन लैंडमार्क प्रोजेक्ट, समर्पण, एक्टिव क्लब एन्डेयोर अवार्ड एवं बेस्ट ड्रेस कोड अवार्ड से लायंस क्लब कोरबा, दि बेस्ट रीजन डेजी प्रेसिडेंट अवार्ड लायन मीना सिंह, मिल स्टोन मास्टर एवं बेस्ट जोन चेयरपर्सन अवार्ड एमजेएफ लायन एसके अग्रवाल, डायनेमिक डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन अवार्ड से लायन नन्दकिशोर अग्रवाल, लायन मधु पांडेय, लायन शहनाज शेख। लाईफ टाईम एचिवमेंट अवार्ड लायन सत्येन्द्र वासन, लायन पदमसिंह चंदेल, सर्विस एक्सीलेंस अवार्ड लायन कामायनी दुबे, बेस्ट बैनर प्रेजेंटेशन अवार्ड लियो क्लब, डायनेमिक सेक्रेटरी लायन आशीष अग्रवाल, डायनेमिक ट्रेजरर लायन रविशंकर सिंह, हुमैनिटेरियन एमजेएफ लायन अशोक मोदी, एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल एवं अन्य लायन सदस्यों को अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एमजेएफ लायन जेपी अग्रवाल, लायन राजकुमार अग्रवाल, दीपक माखीजा, संतोष खरे, एमजेएफ राजकुमार अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, शिवराज सिंह, अरविंद साहू, योगेश दुबे, राजेन्द्र आदि उपस्थित थे।

## जंगल में जुआ खेलते 14 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

कोरिया-कोरबा के बार्डर एरिया के समीप आने वाले जंगल में जुआ खेलते 14 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 1 लाख 42 हजार रूपए नगदी सहित 17 लाख रूपए से अधिक का मोबाइल, गाड़ी सामान बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया एसपी सूरज सिंह परिहार को बीते दो दिनों से बचरापोंड़ी क्षेत्र में मुखबीर से जुआ खेलने की सूचना मिल रही थी।

आरोपियों को पुलिस के मूवमेंट की भनक नहीं लगे, इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने एसपी कार्यालय, सायबर सेल एवं रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर की एक संयुक्त टीम तैयार कर छापेमारी के लिए उक्त स्थान पर भेजा, जहां पर जुआरियों द्वारा रुपए लगाकर हार जीत का दांव जुआ खेला जा रहा था। मुखबीर के बताए स्थान पर कोरिया पुलिस द्वारा घेराबंदी कर नगदी रूपए सहित 13 नग मोबाइल कीमती 85 हजार रुपए, 11 नग मोटर सायकल व 3 नग चार चक्का वाहन कीमती 15 लाख रुपए कुल रकम 17 लाख 27 हजार को जब्त कर सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 3 जुआ अधिनियम के तहत थाना बैकुंठपुर में अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में ज्यादातर कोरबा और एमसीबी जिले से हैं। पकड़े गए जुआरियों में पुष्पराज पिता बच्चालाल उम्र 39 वर्ष, निवासी सिरमिना विदयानगर थाना पसान जिला कोरबा, मो. असरफ पिता मो. इस्माइल उम्र 47 वर्ष पुरानी बस्ती कोरबा थाना कोतवाली जिला कोरबा, अफजल अली पिता रामाधार सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी पोंड़ी बहार कोसाबाड़ी थाना रामपुर जिला कोरबा, जमरीद्दीन पिता सलीमुद्दीन उम्र 52 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 16 बस स्टैण्ड थाना बैकुंठपुर जिला कोरिया, अरूण कुमार बंजारा पिता लक्ष्मण बंजारा उम्र 45 वर्ष ग्राम सरमा थाना पसान जिला कोरबा, भुवन दास पिता पूरन दास उम्र 57 वर्ष निवासी जुनाडीह धुरैना थाना दीपिका जिला कोरबा,कालीचरण उम्र 54 वर्ष आजाद चौक दीपिका थाना दीपिका जिला कोरबा, मो. अनीश उम्र 50 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती थाना कोतवाली जिला कोरबा, विनोद हंसराजानी उम्र 49 वर्ष निवासी मेनरोड कोरबा रामसागर पारा थाना कोतवाली जिला कोरबा, सहादत अली उम्र 54 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती थाना कोतवाली जिला कोरबा, ऋषभ सोनी उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड 9 तिलकनगर कटघोरा थाना कटघोरा जिला कोरबा, यशवंत यादवउम्र 40 वर्ष निवासी सरतो थाना जांजगीर चौकी नैला जिला जांजगीर, हल्दीबाड़ी चिरमिरी के दो जुआरी समेत कुल 14 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

## बालको ने समुदाय के साथ मनाया उन्नति उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



उन्नति उत्सव में कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

बालको में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की उन्नति परियोजना के अंतर्गत उन्नति उत्सव का तीसरा वार्षिकोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय की महिलाओं में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्रदर्शनी के माध्यम से उद्यमशीलता कौशल से संपन्न और स्वयं सहायता समूहों में संगठित महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें सजावट की वस्तुओं, खाद्य पदार्थों तथा स्वास्थ्य और स्वच्छता उत्पादों की एक श्रृंखला शामिल थी। इस आयोजन में समुदाय की 650 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जिन्हें वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्नति उत्सव के तीसरे वार्षिकोत्सव में समुदाय की महिलाओं के लिए विभिन्न खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम को शामिल किया गया। प्रभावशाली नाटकों, सांस्कृतिक प्रदर्शनों, पुरस्कार समारोह और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के स्टालों के साथ मनोरम प्रदर्शनी की विशेषता वाले उन्नति उत्सव में 1000 से अधिक व्यक्तियों ने भागीदारी की। आयोजन ने एसएचजी की महिलाओं के लिए प्रचार और कमाई के अवसर प्रदान करने का मंच भी दिया जिन्होंने आम आगंतुकों के लिए खुली प्रदर्शनी में अपने हस्तनिर्मित भोजन और सजावट की वस्तुओं के साथ स्टॉल लगाए थे।

## आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा ने मनाया होली मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित समाज की महिलाएं।

आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा का होली मिलन उत्सव एनटीपीसी टाउनशिप हाउस में मंगलवार को मनाया गया। ब्राह्मण सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा त्रिपाठी ने होली मिलन पर प्रकाश डाला। आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा प्रदेश प्रभारी रेखेद्र तिवारी ने बताया होली त्योहार रंगों का त्यौहार है। ब्राह्मण सभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शोभा त्रिपाठी ने महिलाओं होली के महत्व को विस्तार से बताया। आर्यावर्त ब्राह्मण सभा की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री नायक ने स्वागत भाषण पढ़ा और अतिथियों का साल और श्रीफल से स्वागत किया। कार्यक्रम में आर्यावर्त की सभी पदाधिकारी सदस्य और भाई उपस्थित रहे। इस दौरान बहनों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति दी। इस दौरान कपल गेम नृत्य गायन फाग की प्रस्तुत दी। बच्चों ने भी गेम खेल अपना उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहीं संरक्षक श्रीमती रेखा त्रिपाठी अध्यक्षता की। प्रदेश अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रभारी रेखेंद्र तिवारी अध्यक्ष गायत्री नायक, उपाध्यक्ष नीलम शुक्ला, सचिव अंजना दुबे, सह सचिव संगीता गिरी, कोषाध्यक्ष ज्योति शर्मा, सह कोषाध्यक्ष मिथलेश नायक, सांस्कृतिक सचिव अनुराधा दुबे, विमलेश तिवारी, उमा द्विवेदी, कुसुम शर्मा, कामिनी शर्मा, कमल दुबे, अनुराधा तिवारी, पिंकू गौतम, आरती तिवारी, सुशीला दुबे, आशा शर्मा, आशा मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, अशोक त्रिपाठी, संदीप शर्मा, तरुण दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पृष्ठ 1 का शेष

#### तेज रफ्तार...

वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए 2 दिन में 41 प्रकरणों में लगभग कुल 47 हजार रुपए वसूले के साथ-साथ उनका लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी किया जा रहा है। अब तक 99 लोगों पर ओवर स्पीड वाहन चलाने पर कार्यवाही की गई है, जिनसे कुल 1 लाख 23 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला जा चुका है। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया जा रहा है। अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और चालकों को समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं, ना ही शराब पीकर वाहन चलाए और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे। पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी की जा रही है।

#### चोरी कर जंगल...

सूचना मिली कि कुंआ भट्टा में निवास करने वाले कुछ युवक सस्ते दामों में कपड़ा बेच रहे हैं और ग्राहक की तलाश कर रहे हैं सूचना पाते ही श्री साहू ने कुंआ भट्ठा बस्ती में निवास करने वाले राहुल और दो नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उन्होंने शमशीर खान के ठेले से कपड़ा चोरी करना कबूल कर लिया। जहां आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी गए कपड़ों को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

#### जंगल में ...

दूसरी ओर कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में भी हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। इन दोनों जंगल में महुआ फूल का संग्रहण का दौर जोरों से चल रहा है लेकिन हाथियों व भालुओं का झुंड विचरण करने की वजह से जंगल में महुआ फूल के संगग्रहण में काफी कमी देखी जा रही है। अमूमन मार्च के महीने में बड़े पैमाने पर महुआ फूल का संग्रहण शुरू हो जाता था लेकिन इस साल मौसम के बदलते तेवर और वन्य प्राणियों की वजह से महुआ फूल का संग्रहण काफी पीछे है। अभी फिलहाल जंगल में जोरों से महुआ फूल का संग्रहण चल रहा है। वहीं दूसरी ओर हाथियों की धमक की वजह से लोग भयभीत नजर आ रहे हैं और जंगल में जाने से डर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर जान माल का हानि ना हो इसके लिए वन विभाग की टीम लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्रों में महुआ फूल व अन्य चीजों के संग्रहण के लिए लोगों को जंगल ना जाने की अपील कर रहा है।

#### प्रशिक्षण में जितने...

महिलाएं सम्हाल रहीं हैं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आपकी भागीदारी होगी। उन्होंने महिला पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एक, दो और तीन के जिम्मेदारियों की जानकारी देते कहा कि सम्पूर्ण रूप से प्रशिक्षित करके ही आपको मतदान कार्य हेतु भेजा जाएगा। इस दौरान किसी भी समस्या व शंका को दूर करने प्रशासन की टीम आपके साथ रहेगी। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में महिलाओं की सुरक्षा तथा सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने की जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई और सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीकांत वर्मा ने भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को निर्वाचन कार्य आसानी से संपन्न कराने महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## पीएम ने दी कोरबा को मेडिकल कॉलेज की सौगात : लखनलाल



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते श्री देवांगन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा को मेडिकल कॉलेज की सौगात देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी। ताकि कोरबा की जनता को कभी भी स्वास्थ्य शिक्षा और स्वास्थ सुविधा के लिए भटकना न पड़े। देश भर में 200 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज शुरु किए गए, इसमें कोरबा को भी शामिल किया गया। कांग्रेस राज में यहां के विधायक, मंत्री ने कभी कोई विकास तो किया नही, लेकिन मेडिकल कॉलेज का श्रेय लेने के लिए होड़ सी मच गई।

उक्त बातें देवांगन ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कोरबा में मेडिकल कॉलेज की लंबे समय से मांग की जा रही थी। कांग्रेस की केन्द्र में सरकार थी, तब कांग्रेस की सरकार ने कोरबा के बारे में सोचा भी नहीं, लेकिन भाजपा की मोदी सरकार ने कोरबा की चिंता की। पूर्व मंत्री व सांसद के द्वारा जगह जगह मेडिकल कॉलेज का श्रेय लिया जा रहा है। जनता ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारा जवाब देकर बता दिया की झूठ की नही, विकास की राजनीति चलेगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की सरोज दीदी के जीतने के बाद भी कोरबा का चहुमुखी विकास होगा। केन्द्र और राज्य दोनों सरकार से कोरबा को भरपूर फंड मिलेगा। जितनी भी जररूत और मांगे कोरबा की है, वह इन पांच वर्षों में पूरी होगी।

#### पीएम मोदी दे रहे हैं आवास की राशि

मुड़ापार में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जब देशभर में पीएम आवास का निर्माण हो रहा था, हर गरीब को छत मिल रही थी तब राज्य में पीएम आवास को रोक दिया गया, कोरबा के श्रमिक बस्तियों में पीएम आवास नहीं बने। कांग्रेस गरीबों के हित के बजाए योजना के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार ही करती है।

## भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने सप्तदेव मंदिर में मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली उत्सव के पावन अवसर पर श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय शामिल हुईं। इस दौरान उनका महिलाओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डे ने श्री सप्तदेव मंदिर में विराजित देवताओं की परिक्रमा कर उनके दर्शन किए एवं मॉ श्री राणीसती दादी का आर्शीवाद लिया। होली मिलन कार्यक्रम में महिलाओं ने भजन एवं फाग गीत गाया और भगवान के साथ साथ एक दूसरे के संग फूलों की होली खेली। इस दौरान सुश्री सरोज पांडेय ने भी फूलों की होली खेली। सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि मंदिर में मॉ के दर्शन कर वे कृतार्थ हो गयी हैं, उन्होंने होली मिलन समारोह में भाव विभोर होकर उपस्थित समस्त महिलाओं का आभार जताया। मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने बताया कि सप्तदेव मंदिर में विराजित मॉ श्री राणीसती दादी के दर्शन मात्र से सभी को मनोकामना पूर्ण होती है एवं इस मंदिर में देश के प्रसिद्ध साधू संतों का आगमन हो चुका है तथा उन्होंने भगवान का आर्शीवाद प्राप्त किया है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सरोज पाण्डे यदि कोरबा लोकसभा से विजयी होती हे तो वो निश्चित ही कोरबा की उन्नति के लिये कार्य करेगीं एवं कोरबा से नये रेल को प्रारम्भ कराने का प्रयास करेंगी, नए अस्पताल खोलने के साथ साथ कोरबा से शीघ्र ही नए वायुयान सेवा प्रारम्भ कराने का प्रयास करेंगी। इस दौरान सरला मित्तल, लीना अग्रवाल, किरण मोदी, प्रीति मोदी, आभा अग्रवाल, मनीषा मोदी, प्रियंका गुप्ता, गिरिजा सुल्तानियॉ, मनीषा गोयल, पिंकी अग्रवाल, पंखुडी अग्रवाल, बुलबुल अग्रवाल, सोनू अग्रवाल श्री किशनलाल मोदी मेमोरियल ट्रस्ट से शिखा मोदी, अंकिता मोदी, निकिता मोदी, श्रेया मोदी आदि उपस्थित थे।



सभा को संबोधित करती भाजपा प्रत्याशी।

## कांग्रेस ही दे सकती है भरोसे की सरकारः ज्योत्सना महंत



ग्रामीणों से चर्चा करती कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती महंत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने आज कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बुंदेली, जवाली, रंजना, बरतराई व बिछियापारा का सघन जनसंपर्क किया।

उक्त बातें कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपने जनसंपर्क के दौरान कही। जनता को लोक-लुभावने वादों और घोषणाओं में उलझा कर उनके विकास की बजाय चन्द लोगों का विकास करने की सोच रखने वाली भाजपा ने उद्योगपतियों के विकास को नया आयाम दिया है। केन्द्र में 10 वर्षों से भाजपा की सरकार है और छत्तीसगढ़ में 15 साल से भाजपा की सरकार रही लेकिन कितना और किसका विकास हुआ यह जनता जानती है। सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार ने लोगों के रोजी, रोजगार के अवसर छीनने का काम किया है। आज किसानों को सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता और पीने के पानी की समस्या इस गर्मी में सामने आती है। बेरोजगार युवाओं के पास रोजगार के साधन नहीं हैं जिससे भावी पीढ़ी के समक्ष उत्पन्न होने वाली दिक्कतें अभी से नजर आने लगी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सपनों के ग्राम रंजना पहुंचीं सांसद ने कहा कि इस गांव को आदर्श के रूप में विकसित किया जाना है किन्तु इसकी अनदेखी होती रही। कांग्रेस की सरकार ने यहां विकास के कार्य कराए हैं। सांसद ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से गांव-गरीब और किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिये चिन्ता करती आई है। हमने तय किया है कि केन्द्र में सरकार बनते ही गरीब परिवार की महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 8 हजार 333 रुपए भेजने पर काम होगा। युवाओं को युवा रौशनी योजना के जरिए रोजगार से जोडऩे की गारंटी हम देंगे।


## कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप

### हरीश परसाई बने लोकसभा वाररूम प्रभारी

**कोरबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एव छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के अनुमोदन से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कोरबा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिश परसाई को कोरबा लोकसभा वाररूम का प्रभारी नियुक्त किया हैं। परसाई की नियुक्ति पर कांग्रेस नेता दीपक जैन सहित अनेकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। बता दें कि प्रदेश के सभी 11 लोकसभा सीट पर लोकसभा वार रूम प्रभारी की नियुक्ति की गई हैं। सरगुजा से अनूप मेहता, रायगढ़ से अरुण गुप्ता, जांजगीर से अर्जुन तिवारी, कोरबा से हरीश परसाई, बिलासपुर से सुबोध हरितवाल, राजनांदगांव से जितेन्द्र मुलड़ियार, दुर्ग से आरएन वर्मा, रायपुर से श्रीकुमार मेनन, महासमुंद से अमरजीत चावला, बस्तर से मोहन लुनिया और कांकेर से नरेश ठाकुर की नियुक्ति लोकसभा वाररूम प्रभारी के रूप में की गई हैं।

### माला बनीं छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल की उपाध्यक्ष

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल रायपुर का 18 राज्य स्तरीय अधिवेशन



बिलासपुर स्थित सेंटर पॉइंट में 31 मार्च को आयोजित किया गया। इस दौरान वर्ष 2024 से 26 के लिए कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में प्रदेश छत्तीसगढ़ स्टेट बर काउंसिल के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे। इन सभी की उपस्थिति में वर्ष 2024 से 26 तक के कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जिसमें श्रीमती माला सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया। श्रीमती माला सिंह इसके पूर्व कार्यकारिणी में सहसचिव का दायित्व भली भांति संभाल चुकी हैं। श्रीमती माला सिंह से अपेक्षा की गई है कि वह जीएसटी में आ रही परेशानियों के समाधान को लेकर प्रदेश स्तर पर आवाज बुलंद करेंगी। श्रीमती सिंह के उपाध्यक्ष चुने जाने पर छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के अनेक पदाधिकारी व सदस्यों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, मामला दर्ज

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐतमानगर निवासी टीकाराम श्रीवास पिता बुधराम श्रीवास ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी पुत्री सरिता श्रीवास उम्र 27 वर्ष जो एक बेरोजगार है। सरिता श्रीवास वर्ष 2020 में स्टाफ नर्स मर्ती परीक्षा 2020 में फार्म भरी थी। ग्राम बांगो में उसके गुरु मधुरदास वैष्णव के घर में गया था तब प्रकाश वैष्णव निवासी पलारी से उसका परिचय हुआ था। दूसरे दिन प्रकाश वैष्णव उसके घर आया हुआ था, तब चर्चा के दौरान टीकाराम श्रीवास की पुत्री सरिता श्रीवास को नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख रुपए लिया था। बहुत समय बीत जाने के बाद जब में प्रकाश वैष्णव को नौकरी के बारे में पूछा तो टाल मटोल करने लगा तब टीकाराम ने प्रकाश वैष्णव को खोजते हुए 11 जनवरी 2022 को उसके घर गया और पैसा वापस करने के लिए कहा तो उसे वापस भगा दिया। न ही सरिता की नौकरी लगी और न ही उसकी रकम वापस की गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने प्रकाश वैष्णव के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला की जांच शुरु कर दी है।

### कमजोर जिओ नेटवर्क से मोबाईल उपभोक्ता हो रहे परेशान

**केरबा।** करतला ब्लॉक के सुदूर आदिवासी वनांचल क्षेत्र रामपुर के आसपास के दर्जनों ग्रामों के जिओ मोबाईल उपभोक्ता विगत महीनों से कमजोर नेटवर्क के कारण बहुत परेशान है। दिन हो या रात अचानक नेटवर्क गायब हो जाने से मोबाईल सम्पर्क बाधित हो जाता है। साथ ही जरूरी आनलाइन कार्य प्रभावित हो रहा है। इसकी सूचना जिओ टॉवर प्रबंधन व प्रशासन को दी जा चुकी है, किंतु इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसकी वजह से मोबाईल उपभोक्ताओं में आक्रोश है। ग्रामीण क्षेत्र के गरीब किसान सभी वर्ग के उपभोक्ता महंगाई में मुश्किल से रिचार्ज करा पाते है, किंतु आपात स्थिति में काम नहीं आने के कारण अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है।

## एक दिन पूर्व शिक्षा विभाग ने जारी आदेश में किया संशोधन

# अब 11.30 बजे के बाद नहीं लगेंगे कोई भी स्कूल, शासन का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेज गर्मी को देखते हुए राज्य शासन के नये निर्देश पर जिला शिक्षा विभाग ने अमल शुरू कर दिया है। अपने पूर्व स्कूल लगने के

**खास बात**
- दो पाली में लगने वाले स्कूल भी एक पाली में ही लगाए जाएंगे



आदेश के समय में विभाग ने संशोधन करते हुए सभी शासकीय, अशासकीय स्कूल प्रबंधन के लिए नया आदेश जारी किया है। विभाग के इस आदेश के तहत अब जिले के कोई भी शासकीय, आशासकीय स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक ही संचालित होंगे। चाहे वह एक पाली में चलने वाले स्कूल हों या दो पाली में चलने वाले स्कूल हों। सभी स्कूल एक पाली में ही लगाए जाएंगे।

शिक्षा विभाग ने गर्मी को देखते हुए प्रति वर्ष स्कूल के लगने के समय में आदेश जारी करता है। इस आदेश के तहत एक पाली और दो पाली में लगने वाले स्कूलों के समय अलग-अलग रहते हैं। पहले पाली के स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक एवं दो पाली में लगने वाले स्कूल की पहली पाली सुबह 7.30 बजे से 11.30 एवं दूसरी पाली 11.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक संचालित होते हैं। विभाग ने पुराने आदेश को ही 28 मार्च को जारी किया था, लेकिन राज्य शासन के नये आदेश बाद में जारी किए गए, जिसमें इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि कोई भी शासकीय अशासकीय स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक ही संचालित होंगे। इनमें एक पाली वाले स्कूल के साथ दो पाली में चलने वाले स्कूल भी शामिल हैं। दोनों

**एक पाली का आदेश**

राज्य शासन का नया आदेश जारी हुआ है। जिसमें सभी शासकीय अशासकीय स्कूल सुबह 7.30 से 11.30 बजे तक एक पाली में ही संचालित किए जाएंगे। अगर कोई स्कूल प्रबंधन दो पाली में स्कूल संचालित करता है तो उस पर संज्ञान लेते हुए प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही होगी।
**-टीपी उपाध्याय,** जिला शिक्षा अधिकारी

पाली में चलने वाले स्कूल भी अब एक पाली में ही संचालित किए जाएंगे। यह व्यवस्था गर्मी को देखते हुए लागू की गई है। विभाग के इस नये आदेश के तहत अब कोई भी शासकीय अशासकीय स्कूल सुबह 11.30 बजे के बाद नहीं लगाए जाएंगे। अगर कोई निजी स्कूल 11.30 बजे के बाद संचालित होंगे तो जिला प्रशासन के निर्देश पर ऐसे स्कूल प्रबंधन के खिलाफ शासन के आदेश का उल्लंघन मानते हुए कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस आशय के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किए हैं।

## अग्रवाल सभा के राजेंद्र अध्यक्ष, शिव बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अग्रवाल सभा का चुनाव मंगलवार को अग्रसेन भवन में संपन्न हुआ। जिसमें तीन पद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के पद हेतु 917 मतदाताओं में से 483 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह 10 बजे से 4 बजे तक

**खास बात**
- 917 पात्र मतदाताओं ने किया मतदान

वोट पड़े। शाम 6 बजे से मतगणना का दौर शुरु हुआ और 8 बजे परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें सर्वाधिक 362 मत प्राप्तकर राजेंद्र अग्रवाल अग्रवाल सभा के नए अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी एसके अग्रवाल को 4 मतों से पराजित किया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर शिव अग्रवाल चुने गए। कोषाध्यक्ष पद पर रमन अग्रवाल निर्वाचित घोषित हुए।

अग्रवाल सभा की नई कार्यकारिणी के चुनाव की प्रक्रिया बीते एक पखवाड़े से चल रही थी। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद 917 मतदाता मतदान के लिए पात्र पाए गए थे। जिनके द्वारा चुनाव प्रक्रिया में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। सुबह 10 बजे से अग्रसेन भवन में मतदान की प्रक्रिया शुरु हुई। गहमा गहमी के बीच मतदान की प्रक्रिया शाम 4 बजे तक जारी रही। समाज के वरिष्ठ सदस्यों के साथ नवयुवकों की भीड़ मतदान के समय मौजूद रही। सभी तीनों पदों के दावेदार मतदान के दौरान मतदाताओं से संपर्क करते रहे। रात 8 बजे चुनाव परिणाम की घोषणा किए जाने के बाद राजेंद्र अग्रवाल के अध्यक्ष बनने से उनके समर्थक झूम उठे। शेष दो पद उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के लिए चुने गए क्रमशः शिव अग्रवाल व रमन अग्रवाल का उनके समर्थकों ने फूल माला से स्वागत किया।

## महिला के घर में आबकारी का छापा 68 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्र में बसने वाली एक महिला लंबे समय से अवैध शराब का गोरखधंधा संचालित कर रही थी और अपने घर में बनाकर क्षेत्र मे खपाने का काम किया करती थी। जब आबकारी विभाग की टीम को इसकी भनक लगी तो आबकारी विभाग की टीम ने महिला के मकान में दबिश दी, जहां महिला ने तस्करों को बेचने के लिए एक नहीं दो नहीं बल्कि 10 अलग-अलग बोतलों में लगभग 68.5 लीटर महुआ शराब की खेप छुपा कर रखी थी। जिसे आबकारी विभाग ने महिला के कब्जे से बरामद किया है। महिला के खिलाफ 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीकृत कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन पर आबकारी उप निरीक्षक डॉ सुकांत पांडे को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पाली थाना क्षेत्र की ग्राम पोड़ी निवासी साधना यादव पति संतराम यादव नामक महिला द्वारा क्षेत्र में अवैध रुप से शराब बनाकर तस्करों को खपाने का काम कर रही है। सूचना पर आबकारी उप निरीक्षक सुकांत पांडे व प्रधान आरक्षक अजय तिवारी व उनकी टीम ने ग्राम



पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला एवं जब्त शराब।

पोड़ी में साधना यादव के घर में दबिश दी जहां उसके मकान की तलाशी ली गई तो महिला ने अपने घर में 68.5 लीटर महुआ शराब पानी के अलग-अलग बोतलों में छुपाकर रखी हुई थी महिला के कब्जे से 68.5 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। महिला के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क,ख) 34(2) 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर लेकर जेल दाखिल कराया गया।। उपरोक्त कार्रवाई में नगर सैनिक प्रजेश सिंह, राजेश दुबे एवं अंबिका का योगदान रहा।

## फाटक में ट्रेलर खड़ाकर चालक हटा रहा था जाम तभी मालगाड़ी के चपेट में आया ट्रेलर पिछला हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बजरंग चौक दीपका रेलवे क्रॉसिंग में हादसों का दौर जारी है। सुबह एक ट्रेलर चालक ने नो एंट्री में

**खास बातें**
- दीपका बजरंग चौक रेलवे क्रासिंग का मामला
- एक दिन पहले ही ट्रेलर चालक फाटक तोड़कर हो गया था फरार

क्रासिंग में प्रवेश किया और रेलवे ट्रैक के ऊपर ट्रेलर वाहन को खड़ा कर दिया जिसका पिछला हिस्सा पटरी पर स्थित था। वाहन खड़ी कर चालक जाम हटाने चला गया। तभी अचानक मालगाड़ी आ गई तो उस दौरान फाटक में तैनात कर्मचारियों के द्वारा लाल झंडा दिखाकर रोकने का प्रयास किया



क्रॉसिंग स्थल में खड़ा ट्रेलर।

किंतु मालगाड़ी नहीं रुकी और ट्रेलर का पिछला हिस्सा मालगाड़ी से टकरा गया। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई अन्यथा किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। हालांकि हादसे की वजह से मार्ग में घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही।

रेलवे क्रॉसिंग फाटक पर पदस्थ विष्णु प्रसाद ने बताया कि ट्रेलर नो एंट्री से प्रवेश किया था और वाहन खड़ा कर जाम हटा रहा था इस दौरान यह हादसा घटित हुआ। 12 घंटे पहले भी घटना घटी थी जिसमें नो एंट्री से ट्रेलर ने प्रवेश कर बैरियर को तोड़कर फरार हो गया था। रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक नहीं होने से बार-बार हादसे हो रहे हैं। बता दे कि दीपका रेलवे क्रॉसिंग दो मार्गों के लिए चार फाटक होना चाहिए लेकिन वर्तमान में वहां सिर्फ एक ही फाटक है वह भी डैमेज है जो पूरी तरह से बंद नहीं होता है। यहां रेलवे फाटक नहीं होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। एसईसीएल दीपका के रेल पटरी इंचार्ज श्री चिटनवीस ने बताया कि मरम्मत का काम एसईसीएल के जिम्मे हैं। फाटक डैमेज होने के बाद सामने आई है जिसे जल्द बनाकर पूरा किया जाएगा।

रेलवे कोयला ढुलाई में करोड़ों रुपए का लाभ का उपार्जन यहां करती है लेकिन दीपका बजरंग चौक में चार फाटक रेडी कंडीशन में कभी नहीं दिखे। यही वजह है कि यहां आए दिन घटनाएं घटती है। वर्तमान में दोनों ओर से कोई भी फाटक मौजूद नहीं है जो दो फाटक थे सोमवार की रात ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एटी 7904 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए फाटक को तोड़ते हुए फरार हो गया। जिसकी शिकायत दीपका थाने में की गई है।

## सुआभोड़ी में बिना मुआवजा दिए ताला तोड़ा, ढहाया मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम सुआभोड़ी में एसईसीएल प्रबंधन व प्रशासन द्वारा सुरक्षाबल व पुलिस की उपस्थिति में बिना पूर्व सूचना और बिना

**खास बातें**
- आक्रोशित भूविस्थापितों ने हरदीबाजार थाना में की शिकायत
- बिना पूर्व सूचना के बंद मकानों के ढहाए जाने से ग्रामीणों को उठानी पड़ी आर्थिक क्षति

मुआवजा दिए जबरन बलपूर्वक मकान का ताला तोड़कर मकान को ढहा देने के मामले में भूविस्थापितों ने हरदीबाजार पुलिस से शिकायत दर्ज कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

ग्राम सुआभोड़ी से प्रभावित भूविस्थापितों ने हरदीबाजार थाना में



शिकायत करते प्रभावित ग्रामीण।

शिकायत दर्ज कराई है कि एसईसीएल दीपका द्वारा अधिग्रहित ग्राम सुआभोड़ी में स्थित मकान को बिना मुआवजा दिए ताला तोड़कर ढहा दिया गया है। शिकायत में भूविस्थापितों ने उल्लेख किया है कि सुबह 5 बजे पाली एसडीएम रूचि शार्दुल एवं एसईसीएल दीपका क्षेत्र के सीजीएम अमित सक्सेना, एसओ माइनिंग पार्थ मुखर्जी, जितेन्द्र दुबे सुरक्षा अधिकारी, राजकुमार शर्मा एपीएम, मिथलेश कुमार मधु नोडल अधिकारी, हरदीबाजार रानिमं मनीष जायसवाल, हरदीबाजार पटवारी विवेक कंवर तथा रेंकी हल्का के पटवारी कंवर तथा सुरक्षा बल सीआईएसएफ के जवानों व पुलिस बल के द्वारा संजीव धीवर पिता भागवत धीवर, अरविंद पिता शनिच कुमार, सुरेश कुमार पिता जगेश्वर, रामदुलारे पिता बिसाहूराम, अमित कुमार पिता शनिच कुमार, मिलौतीन धीवर पति शनिच कुमार के बंद मकान का ताला तोड़ कर मकान को जेसीबी कमांक सीजी 12 यू 1218 से ढहाने दिया गया। ढहाने के पूर्व मकान मालिकों को कोई नोटिस नहीं दिया गया और अलसुबह जब अधिकांश गांव वाले सोकर उठे ही नहीं थे उस दौरान मकान को जेसीबी से तोड़ फोड़ करते हुए ढहा दिया गया है। जबकि मकान के अंदर टीव्ही, कुलर, बर्तन, राशन सामान चावल, दाल इत्यादि सामान नष्ट हो गया है जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। जब गांव वालों को सुबह 6 बजे घटना का पता चला तो गांव के लोग आ गए जिसके बाद अधिकारीगण गांव वालों को देखकर मकान में तोड़ फोड़कर मौके से फरार हो गए। अधिकारियों ने किसी भी ग्रामीणों से कोई चर्चा नहीं की।

### अवैध ईंट भट्ठों का हो रहा संचालन

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र के अनेकों स्थान में अवैध मिट्टी से खुदई कर लाल ईटा का निर्माण अवैध रूप से संचालित हो रही है जो कि अवैध लाल ईटा भट्ठा बिना लाइसेंस के संचालित किया जा रहा हैं। जिस पर प्रशासन द्वारा संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। कुसमुंडा के आनंद नगर, कपटमुंडा, कुचेना दीपिका बायपास मार्ग में लाल अवैध भट्ठा संचालित है, लाल ईटा का अवैध भट्ठा का काम किया चलता आ रहा हैं। अहिरन नदी के तट के कपट मुड़ा क्षेत्र के पास या सर्वमंगला जॉन ऑफिस के समीप काफी लंबे चौड़े इस्तर से संचालित किया जा रहा है।




## डीएवी स्कूल खरमोरा में वैदिक मंत्रों के साथ शुरु हुआ नया शैक्षणिक सत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में नए शिक्षा सत्र की शुरुवात वैदिक पूजा व हवन अनुष्ठान के साथ किया गया। यह हवन अनुष्ठान विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी के नेतृत्व व विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती मालती श्रीवास व शिक्षिका प्रीति अग्रहरी के मार्गदर्शन में यह हवन अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। इस हवन में बीते साल की परेशानियों को हवन कुंड में आहुति देकर पूर्ण रूप से नए उत्साह के साथ नए सत्र में जुट जाने का संकल्प लिया गया। इस अनुष्ठान के सम्पन्न होने के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने सभी विद्यार्थियों को निष्ठापूर्वक अध्ययन करने व गुरुजनों तथा परिजनों से मिलने वाले मार्गदर्शन को अपने जीवन में अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। प्राचार्य मुखर्जी ने इस नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सभी बच्चों का स्वागत किया और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने हेतु प्रोत्साहित भी किया। हवन के माध्यम से विद्यार्थी अपने वैदिक परंपरा से जुड़े रहते है।







